दिनांक : 20.11.2026 समय : 18.30 पीएम

आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

राजस्थान पंचायतीराज चुनाव–2026 में जिला परिषद् और पंचायत समिति सदस्यों के नतीजों में कांग्रेस पार्टी को बढ़त।

राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने सामूहिक विवाह सम्मेलनों को सामाजिक समरसता, सहयोग और सेवा भावना का प्रेरक उदाहरण बताया।

केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने देश की पहली एच5 एन1 बर्ड फ्लु वैक्सीन लाँच की।

प्रदेश में सर्दी ने ज़ोर पकड़ा–15 ज़िलों में रात का पारा 11 डिग्री से नीचे दर्ज।

000

राजस्थान पंचायतीराज चुनाव–2026 में जिला परिषद और पंचायत समिति सदस्यों के नतीजों में कांग्रेस पार्टी का पलड़ा भारी रहा है। राज्य निर्वाचन आयोग के अनुसार जिला परिषद सदस्यों के 1 हजार 275 में से 947 के नतीजे जारी कर दिये गये हैं। इनमें 575 कांग्रेस के खाते में, वहीं 293 भाजपा के पक्ष में रहे हैं। आरएलपी 37 और भारत आदिवासी पार्टी 22 पर विजयी रही है।
पंचायत समिति सदस्यों के चुनाव के नतीजों में भी कांग्रेस को बढ़त मिली है। 7 हजार 543 सीटों में से 7 हजार 352 के परिणाम घोषित किये जा चुके हैं। 3 हजार 684 सीटें कांग्रेस, वहीं 2 हजार 163 सीटें भाजपा के पक्ष में रही हैं। 624 पर निर्दलीय उम्मीदवारों ने जीत दर्ज की। वहीं आरएलपी 493 सीटों पर विजयी रही है।
सुबह 8 बजे से शुरू हुई मतगणना के कुछ देर बाद ही शुरूआती रुझान मिलने लगे और दोपहर बाद तक काफी हद तक ग्रामीण जनाधार की तस्वीर साफ हो गई। 37 जिलों के 8 हजार 818 वार्डों के जनादेश से 29 हजार 177 उम्मीदवारों का राजनीतिक भविष्य तय हुआ। चित्तौड़गढ़ जिला परिषद के 35 वार्डों में से 28 के परिणाम कांग्रेस के पक्ष में रहे हैं। वहीं 7 पर भारतीय जनता पार्टी को सफलता मिली है। बांसवाड़ा जिला परिषद की कुल 43 सीट्स में से 21 पर कांग्रेस ने जीत हासिल की, वहीं 17 सीटों पर भारत आदिवासी पार्टी के उम्मीदवार विजयी रहे। भाजपा महज़ 5 सीटों पर सीमित रही। बालोतरा में किसी भी पार्टी को स्पष्ट जनादेश नहीं मिला है। 31 जिला परिषद सीटों में से 12 पर कांग्रेस, 12 पर भाजपा और 7 पर आरएलपी प्रत्याशियों का कब्जा रहा।
आरएलपी नागौर जिला परिषद में सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी। आरएलपी ने 37 में से 19 सीटों पर जीत का परचम लहराया।
हनुमानगढ़ में कुल 37 वार्डों में से 26 सीटों पर कांग्रेस ने जीत दर्ज की। भाजपा को 7 और सीपीआईएम के खाते में 4 सीटें रही हैं। भीलवाड़ा, झुंझुनूं, सिरोही और सवाईमाधोपुर में कांग्रेस को स्पष्ट बहुमत मिला है। पार्टी ने जैसलमेर में भी प्रचंड जीत हासिल की है। सलूम्बर जिला परिषद में किसी भी पार्टी को बहुमत नहीं मिला। भाजपा 9, कांग्रेस 8 और बीएपी ने 4 सीटों पर दबदबा बनाये रखा। जयपुर में कांग्रेस के पक्ष में 41 सीटें रहीं, वहीं भाजपा को 12 और आरएलपी को 2 सीटें मिलीं।
राज्य निर्वाचन आयोग के नये आदेश के अनुसार कोटा, बारां, श्रीगंगानगर और करौली में 17 दिसम्बर को वोटों की गिनती होगी।
प्रदेश में पंचायतीराज संस्थाओं के चुनाव के लिए मतदान 22 अक्टूबर से चार चरणों में हुआ।

000

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि पिछले एक दशक में सरकार ने स्वास्थ्य सेवाओं और मेडिकल शिक्षा के क्षेत्र में कई पहल की हैं। इनसे प्राथमिक से लेकर उन्नत चिकित्सा सेवाओं तक सभी

स्तरों पर स्वास्थ्य सुविधाओं का उल्लेखनीय विस्तार हुआ है। श्रीमती मुर्मु आज नई दिल्ली में अटल बिहारी वाजपेयी आयुर्विज्ञान संस्थान के दीक्षांत समारोह में बोल रही थीं। राष्ट्रपति ने कहा कि वर्तमान में देशभर में करीब एक लाख 75 हजार आयुष्मान आरोग्य मंदिर चलाये जा रहे हैं। इनके माध्यम से ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में लोगों को प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावी तरीके से उपलब्ध कराई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री समग्र स्वास्थ्य योजना के तहत स्वास्थ्य सेवाएं देश के महानगर से आगे बढ़कर दूसरी और तीसरी श्रेणी के शहरों में भी पहुंच गई हैं।

.....

000

राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने सामूहिक विवाह सम्मेलनों को सामाजिक समरसता, सहयोग और सेवा भावना का प्रेरक उदाहरण बताया है। श्री बागड़े ने आज भरतपुर के रूपवास में आयोजित 116 बेटियों के सामूहिक विवाह समारोह में शिरकत की। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजनों से फिजूल खर्ची पर रोक लगती है। राज्यपाल ने शिक्षा को समाज की प्रगति का आधार बताते हुए कहा कि बालक–बालिकाओं को अच्छी शिक्षा और संस्कार देना आवश्यक है। इसी से सशक्त समाज और विकसित राष्ट्र का निर्माण हो सकता है। राज्यपाल ने युवाओं में नशे की बढ़ती लत पर चिंता जताते हुए कहा कि नशा मुक्त भारत के लिए सभी को मिलकर प्रयास करने होंगे।

.....

000

प्रदेश के किसानों को कृषि सूखे की चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों से निपटने में सक्षम बनाने के लिए कृषि विभाग ने उन्नत तकनीकों के प्रसार पर जोर दिया है। इसी कड़ी में आज कृषि विभाग और हैदराबाद तथा जोधपुर के दो तकनीकी संस्थानों के बीच एमओयू किया गया।

एमओयू पर राज्य के कृषि आयुक्त नरेश कुमार गोयल, आई.सी.आर.आई.एस.ए.टी. के महानिदेशक डॉ. हिमांशु पाठक और काज़री निदेशक डॉ. हनुमान सहाय जाट ने हस्ताक्षर किये।

इस त्रिपक्षीय साझेदारी के माध्यम से किसानों को जलवायु अनुकूल कृषि तकनीकों, बेहतर फसल प्रबंधन और अन्य वैज्ञानिक पद्धतियों के बारे में बताया जाएगा। इससे कृषि सूखे के असर को कम करने, प्राकृतिक संसाधनों का समुचित उपयोग करने और कृषि उत्पादकता को स्थिर बनाये रखने में मदद मिलेगी। इस पहल से पश्चिमी राजस्थान के शुष्क और अर्द्धशुष्क क्षेत्र के किसानों को विशेष लाभ मिलेगा। गौरतलब है कि राष्ट्रीय आपदा राहत कोष और राज्य आपदा राहत कोष से सूखा न्यूनीकरण परियोजना के लिए 110 करोड़ रुपये की सहायता मंजूर की गई है। परियोजना का क्रियान्वयन जैसलमेर, नागौर, चूरू, जोधपुर और बाड़मेर में किया जा रहा है।

000

केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज देश की पहली एच5 एन1 वैक्सीन लॉंच की। इससे मुर्गियों को बर्ड फ्लु से बचाने में मदद मिलेगी। ये वैक्सीन भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद–राष्ट्रीय उच्च सुरक्षा पशु रोग संस्थान के वैज्ञानिकों ने विकसित की है। इस वैक्सीन से बर्ड फ्लु पर नियंत्रण, पोल्ट्री किसानों के नुकसान में कमी और संक्रमण के फैलाव को रोका जा सकेगा। भोपाल में आयोजित वैक्सीन लॉंचिंग कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री चौहान ने इस उपलब्धि के लिए वैज्ञानिकों के सामर्थ्य की सराहना की। उन्होंने इस स्वदेशी वैक्सीन को आत्मनिर्भर भारत की शक्ति का प्रमाण बताया।

.....

000

प्रदेश में सर्दी की रंगत अब जोर पकड़ने लगी है। साढे 5 डिग्री न्यूनतम तापमान के साथ सीकर का फतेहपुर सबसे से सर्द रहा। सीकर, नागौर, भीलवाड़ा और आबूराज में भी न्यूनतम तापमान 7 से 8 डिग्री सेल्सियस के बीच मापा गया। वहीं 15 जिलों में रात का पारा 11 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज किया गया।

इस तरह सुबह और रात के समय सर्दी का असर बढ़ने लगा है। हालांकि दिन में तेज धूप का प्रभाव है। न्यूनतम के साथ ही अधिकतम तापमान में भी कमी आई है। दिन का सबसे ज्यादा तापमान 33 डिग्री सेल्सियस बाड़मेर में रिकॉर्ड हुआ। मौसम विभाग ने अगले एक सप्ताह तक मौसम के शुष्क रहने के आसार जताये हैं।

000

देवोत्थान एकादशी यानी देवउठनी ग्यारस पर आज प्रदेश में विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान किये जा रहे हैं। मंदिरों में महाआरती और प्रसादी का आयोजन किया गया है। वहीं कई स्थानों पर इस अवसर पर भजन–कीर्तन और जयकारों के साथ शोभायात्रा निकाली गई।

.....

चातुर्मास के समापन के साथ ही मांगलिक आयोजनों की फिर से शुरूआत हो गई है। कई मंदिरों में तुलसी सालिग्राम के विवाह सहित विभिन्न अनुष्ठान किये जा रहे हैं। देवउठनी एकादशी पर मंदिरों में आकर्षक रोशनी और साज–सज्जा की गई है।

उधर, पुष्कर में आज से पंचतीर्थ महास्नान शुरू हुआ। पांच दिन चलने वाले इस धार्मिक मेले में सरोवर पूजन और घाटों पर दीपदान भी किया जा रहा है। इस दौरान आध्यात्मिक पदयात्रा भी निकाली जाएगी।

सवाईमाधोपुर जिले के रामेश्वर धाम स्थित त्रिवेणी संगम पर कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर लगने वाले मेले को लेकर तैयारियां की जा रही हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा के साथ ही सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुख्ता इंतजाम किये गये हैं।

धार्मिक नगरी खाटूश्यामजी में बाबा श्याम के जन्मोत्सव को लेकर भी भक्तों में विशेष उत्साह बना हुआ है। आतिशबाजी और बाबा श्याम के जयकारों के बीच जन्मोत्सव की खुशी मनाई जा रही है।

000